प्रादेशिक समाचार

दिनांक–27.04.2024 (सुबह 1310 बजे)

मुख्य समाचार

- राज्य में 5वे और 6ठे चरण के चुनाव को लेकर एनडीए प्रत्याशियों के नामांकन की तारीख तय, झामुमो की कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए 29 को भरेंगी पर्चा।
- केंद्र सरकार ने पूर्वी सिंहभूम में हाई टेंशन तार की चपेट में आने से पांच हाथियों की मौत मामले में जारी की जांच रिपोर्ट, एचसीएल के निदेशक समेत 5 को बनाया आरोपी।
- जेपीएससी की सीडीपीओ परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों के अधिकतम आयु की गणना अब 1 अगस्त 2019 के आधार पर होगी, 20 मई तक बढ़ी आवेदन की तारीख।
- मुख्य सचिव ने हीट वेव को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक, अधिकारियों को ऐहतियात कदम उठाने के निर्देश, सदर अस्पतालों में इलाज की हो समुचित व्यवस्था।
- शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप में आज भारत की स्वर्णिम शुरूआत, पुरुष और महिला टीम ने जीते 3 गोल्ड मेडल, झारखंड की दीपिका कुमारी भी सेमीफाइनल में।

******************

राज्य में पांचवे और छठे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए प्रत्याशियों के नामांकन की तारीख तय कर दी गई है। धनबाद से ढुलू महतो और जमशेदपुर से विद्युत वरण महतो तीस अप्रैल को पर्चा भरेंगे, जबकि हजारीबग से मनीष जायसवाल एक मई, कोड़रमा से अन्नपूर्णा देवी तथा रांची के लिए संजय सेठ दो मई को नामांकन करेंगे। इन प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान उत्तराखंड और राजस्थान के मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। वहीं गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिए झामुमो की कल्पना सोरेन उनतीस अप्रैल को और कोडरमा से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह एक मई को पर्चा दाखिल करेंगे।

******************

राज्य में लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुख्यालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई। आईजी अभियान– सह– राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में वरीय पुलिस पदाधिकारियों और जिलों के पुलिस अधीक्षकों की इस बैठक में विधि व्यवस्था, मादक पदार्थों और शराब की तस्करी तथा उग्रवादियों– अपराधियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। इस मौके पर अधिकारियों को उग्रवाद प्रभावित इलाकों में लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

******************

लातेहार जिला प्रशासन द्वारा लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में लगातार प्रयास किया जा रहा है। जिले की उपायुक्त–सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी गरिमा सिंह ने बताया कि मतदाताओं को जागरुक करने के लिए बूथ से लेकर जिला स्तर पर स्वीप के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं वर्ष 2019 में जिन इलाकों में कम मतदान हुआ था, वहां विशेष रुप से मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

******************

जमशेदपुर में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरुक करने लिए विविध कार्यक्रम हो रहे रहे हैं। इसी सिलसिले में कल जुबिली पार्क में दीप प्रज्जवलन कार्यक्रम हुआ। मौके पर सात सौ दीयों को प्रज्जवलित किया गया, जिसके जरिए वोट करेगा झारखंड को दर्शाया गया था।

******************

बोकारो जिला प्रशासन मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जागरुक कर रहा है। और ब्यौरे दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

******************

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पूर्वी सिंहभूम में हाई टेंशन तार की चपेट में आने से पांच हाथियों की मौत को लेकर जांच रिपोर्ट जारी कर दी है । पिछले वर्ष इकीस नवंबर को घाटशिला के मुसाबनी वन क्षेत्र में हुई इस घटना को लेकर हिंदुस्तान ताम्र परियोजना घाटशिला के निदेशक और जनरल मैनेजर, बिजली विभाग के सहायक विद्युत अभियंता और मुसाबनी विद्युत अंचल के कनीय अभियंता समेत 5 को आरोपी बनाया गया है।

******************

झारखंड उच्च न्यायालय ने सिपाही नियुक्ति नियमावली को चुनौती देने वाली सभी पैंसठ याचिकाएं खारिज कर दी है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस चंद्रशेखर और न्यायाधीश अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्य सरकार को नियुक्ति नियमावली बनाने और संशोधन का अधिकार है। ऐसे में नियमावली के तहत होने वाली सभी नियुक्तियां वैध मानी जाएगी। राज्य में छह हजार आठ सौ सिपाही के पदों पर नियुक्ति होनी है।

******************

जेपीएससी द्वारा आयोजित होने वाली बाल विकास परिजोयना पदाधिकारी, सीडीपीओ परीक्षा के लिए अधिकतम आयु की गणना अब एक अगस्त 2019 के आधार पर होगी। पहले यह एक अगस्त 2024 निर्धारित थी। ऐसे में आयोग ने सीडीपीओ के चौसठ पदों पर होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आवेदन की तारीख बढ़ा दी है। अभ्यर्थी उनतीस अप्रैल से बीस मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे. वहीं, आय़ोग द्वारा ली जानेवाली 11 वीं से 13 वीं संयुक्त सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के लिए सफल अभ्यर्थी सोलह मई तक आवेदन कर सकेंगे।

******************

आईआईटी–आईएसएम, धनबाद की ओर से आयोजित होने वाले झारखंड स्कूल इनोवेशन चैलेंज–2024 के लिए निबंधन की प्रक्रिया दस मई तक चलेगी। संस्थान के निदेशक प्रो जेके पटनायक ने बताया कि यह चैलेंज दो श्रेणियों में आय़ोजित होगा। जूनियर कैटेगरी में कक्षा सात से दस और सीनियर श्रेणी में 11 वीं तथा 12वीं के विद्यार्थी इस चैलेंज में शामिल हो सकते हैं।

******************

राज्य सरकार ने राजधानी रांची में पेयजल संकट को देखते हुए रेन वाटर हार्वेस्टिंग कराने के लिए जन जागरुकता अभियान चलाने का निर्देश नगर निगम को दिया है। गौरतलब है कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग नियमावली के तहत तीन हजार स्क्वायर फीट से अधिक वाले आवासों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम आवश्यक है, लेकिन लगभग साठ हजार आवास रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं करायें हैं। ऐसे में रांची नगर निगम जल्द सर्वे कराकर इन आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने का कार्य सुनिश्चित कराए।

******************

एसीबी की टीम ने धनबाद के बलियापुर प्रखंड कार्यालय के ब्लॉक को–ऑर्डिनेटर जयंत कुमार को तीस हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ एक संवेदक द्वारा बिल भुगतान के नाम पर रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद एसीबी ने यह कार्रवाई की।

******************

मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने राज्य में भीषण गर्मी से बचाव को लेकर ऐहतियात कदम उठाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। वे कल हीट वेव से बचाव की तैयारी तथा प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस बाबत एडवाइडरी जारी कर दी गई है। वहीं सभी सिविल सर्जन को अस्पतालों में समुचित उपचार की व्यवस्था करने का निर्दशे दे दिया गया है। इधर मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक राज्य के ज्यादातर इलाकों में हीट वेव चलने को लेकर अलर्ट जारी किया है।

******************

शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप में आज भारतीय तीरंदाजो ने स्वर्णिम शुरूआत करते हुए तीन गोल्ड मेडल जीते। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति गोपीचंद स्वामी और परनीत कौर ने महिलाओं के फाइनल में इटली को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की जोड़ी ने एस्टोनिया को हराकर कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश फुगे की पुरुष टीम ने फाइनल में नीदरलैंड को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। झारखंड की दीपिका कुमारी भी व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा के सेमीफाइनल में अपनी चुनौती पेश करेगी।

******************

- जेईई एडवांस–2024 के लिए आज शाम पांच बजे से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरु होगा। आवेदन की प्रक्रिया सात मई तक चलेगी. इसमें लगभग ढाई लाख विद्यार्थी आवेदन करेंगे।
- श्रम विभाग ने झारखंड चैंबर के आग्रह पर न्यूनतम मजदूर दर में की गई बढ़ोत्तरी में संशोधन को लेकर एक उप समिति का गठन कर दिया है।
- देवघर पुलिस ने एक मकान में छापेमारी कर चार सौ बीस बोतल शराब जब्त कर लिया। इसे लेकर थाने में एक महिला समेत दो के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है।
- जमशेदपुर में ब्रह्मऋषि विकास का छठा सामूहिक उपनयन संस्कार कल आयोजित हुआ।

******समाप्त************